# पाठ 11
# फुलवारी

---

## एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यपुस्तक (पृष्ठ संख्या 84)

**प्रश्न 1.** आँखें बंद करके कल्पना करो कि तुम भी ऐसी ही किसी जगह पर पहुँच गए हो। कैसा लगा? कौन-कौन सा गाना गाने का दिल चाह रहा है? तुम उनमें से कुछ गाकर सुनाओ।

**उत्तर:** मैं एक फूलों की घाटी में पहुँच गया हूँ। वहाँ बहुत सारे रंग-बिरंग के फूल खिले हैं। बहुत मजा आ रहा है। मेरा एक गीत गाने का दिल चाह रहा है-

मैं गुलाब का फूल बनूंगा
मधुर मधुर मुस्काऊँगा
पास मेरे जो तितली आये
उसको दोस्त बनाऊँगा

**प्रश्न 2.** क्या तुमने कहीं बहुत सारे फूल लगे देखे हैं? कहाँ?

**उत्तर:** हाँ, मैंने बहुत सारे फूल लगे देखे हैं। अपने स्कूल के बगीचे में।

**प्रश्न 3.** तुमने कितने रंगों के फूल देखे हैं? उनके रंगों के नाम लिखो।

**उत्तर:** मैंने बहुत सारे रंगों के फूल देखे हैं।
लाल, गुलाबी, नीला, सफेद।

**प्रश्न 4.** किस-किस रंग के फूल देखे हैं? गिनती ही करते रह गए न?

**उत्तर:** हाँ, बहुत सारे रंगों के फूल देखे हैं। सही में उन्हें गिनना बहुत मुश्किल है।

**प्रश्न 5.** क्या तुम्हारे घर में कुछ ऐसी चीजें हैं, जिनपर फूलों के डिजाइन बने हों, जैसे-कपड़े, चादर, फूलदान आदि?

**उत्तर:** हाँ, मेरे घर में ऐसी बहुत सारी चीजें हैं जिनपर फूलों के डिजाईन बने हैं। जैसे कि चादर, तकिये, पर्दे, आदि।

**प्रश्न 6.** नीचे एक खाने में एक सुंदर-सा डिजाइन बना है। अपने-आप कोई डिजाइन बनाकर रंग भरो।

**उत्तर:**



**प्रश्न 7.** अपने दोस्तों के बनाये डिज़ाइन भी देखो।


**उत्तर:** मेरे एक दोस्त द्वारा बनाया गया डिजाइन नीचे है





## एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यपुस्तक (पृष्ठ संख्या 86)


## फूलों की दुनिया

**प्रश्न 8.** तुम नीचे दिए गए फूलों में से जिनको पहचानते हो, उन पर "सही" (✓) का निशान लगाओ। अगर पता हो, तो उनके नाम चित्रों के नीचे लिखो।

**उत्तर:**

उड़हुल | गुलाब | सूरजमुखी

**प्रश्न 9.** ऊपर दिए गए फूलों में से और जिन फूलों को तुम जानते हो, उनमें से दो फूलों के नाम बताओ जो-

- पेड़ों पर लगते हैं।
- झाड़ियों पर लगते हैं।
- बेल पर लगते हैं।
- पानी के पौधों पर उगते हैं।
- सिर्फ रात में खिलते हैं।
- दिन में खिलते हैं, रात में बंद हो जाते हैं।
- जिनको तुम आँखें बंद करके भी खुशबू से पहचान सकते हो

- जो किसी खास महीने में ही लगते हैं।
- जो साल भर खिलते हैं।

**उत्तर:**

- पेड़ों पर लगते हैं। – गुलमोहर, कदम
- झाड़ियों पर लगते हैं। – गुलाब, बेला
- बेल पर लगते हैं। – चम्पा, रातरानी
- पानी के पौधे पर उगते हैं। – कमल, कुमुदनी
- सिर्फ रात में खिलते हैं। – रातरानी, हरसिंगार
- दिन में खिलते हैं, रात में बंद हो जाते हैं। – कमल, सूरजमुखी
- जिनको तुम आँखें बंद करके भी खुशबू से पहचान सकते हो। – गुलाब, बेला
- जो किसी खास महीने में ही लगते हैं। – गेंदा, डालिया
- जो साल भर खिलते हैं – गुलाब, उड़हल

**प्रश्न 10.** क्या ऐसे पेड़-पौधे भी हैं, जिन पर फूल कभी नहीं आते। पता करके लिखो।

**उत्तर:** मनीप्लान्ट पर कभी भी फूल नहीं लगते।

## एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यपुस्तक (पृष्ठ संख्या 87)

**यह क्यों?**

**प्रश्न 1.** क्या तुमने इस तरह की तख्ती कहीं लगी देखी है?




**उत्तर:** हाँ, इस तरह की तख्ती बगीचे में लगी होती है।

**प्रश्न 2.** क्या तख्ती लगी होने के बाद भी लोग फूल तोड़ लेते हैं?

**उत्तर:** नहीं। प्रायः लोग इस तरह की तख्ती लगे होने के बाद फूल नहीं तोड़ते।

**प्रश्न 3.** तुम्हें क्या लगता है, वे ऐसा क्यों करते हैं?

**उत्तर:** कुछ लोग नियम तोड़ देते हैं।

**प्रश्न 4.** क्या उन्हें ऐसा करना चाहिए?

**उत्तर:** नहीं। उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए।

**प्रश्न 5.** अगर सब लोग ऐसा करने लगें, तो क्या होगा?

**उत्तर:** तो, कोई भी फूल नहीं बचेगा जिससे कि बगीचा सुंदर लग सके।

**एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यपुस्तक (पृष्ठ संख्या 88)**

## चलो पास से देखें

जो बच्चे फूल ला सकते हैं, वे कक्षा में एक-दो फूल लाएँ। ध्यान रहे कि पेड़-पौधों से गिरे हुए फूल ही इकड़े करने हैं। तोड़ने नहीं हैं। तीन-चार बच्चों के समूह बनाओ और किसी एक फूल को ध्यान से देखो और लिखो

**प्रश्न 1.** फूल किस रंग का है?

**उत्तर:** लाल रंग का।।

**प्रश्न 2.** इसकी खुशबू कैसी है?

**उत्तर:** इसकी खुशबू काफी अच्छी है।

**प्रश्न 3.** आकार कैसा है? घंटी जैसा, कटोरी जैसा, बुश जैसा या कुछ और?

**उत्तर:** कटोरी जैसा।

**प्रश्न 4.** क्या ये फूल गुच्छे में हैं?

**उत्तर:** नहीं, ये फूल गुच्छे में नहीं हैं।

**प्रश्न 5.** इसकी पंखुड़ियाँ कितनी हैं?

**उत्तर:** लगभग 50 पँखुड़ियाँ।

**प्रश्न 6.** पंखुड़ियाँ आपस में जुड़ी हैं या अलग-अलग हैं?

**उत्तर:** पँखुड़ियाँ अलग-अलग हैं।

**प्रश्न 7.** पंखुड़ियों के बाहर क्या तुम्हें हरी पत्ती जैसा कुछ नजर आ रहा है? ये कितने हैं?

**उत्तर:** हाँ, पँखुड़ियों के बाहर हरी पत्ती जैसा नजर आ रहा है। इनकी संख्या 4 हैं।

**प्रश्न 8.** पँखुड़ियों के अंदर, बीच में क्या कुछ पतली सी चीजें दिखाई दे रही हैं? ये किस रंग की हैं?

**उत्तर:** हाँ। यह हल्के लाल रंग की है।


**प्रश्न 9.** उनको छूने से क्या कुछ पाउडर जैसा हाथ में लग रहा है?

**उत्तर:** हाँ। उनको छूने से पाउडर जैसा हाथ में लग जाता है।

## एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यपुस्तक (पृष्ठ संख्या 89)

### खिलती कलियाँ

**प्रश्न 1.** तुमने कलियाँ भी देखी होंगी। अगर स्कूल में या घर के आस-पास कहीं फूल के पौधे हों, तो उनकी कलियाँ भी देखो।



**उत्तर:** मैंने बगीचे में फूल के साथ-साथ कलियों को भी देखा।

**प्रश्न 2.** कली और फूल में क्या-क्या अंतर है?

**उत्तर:** फुल कलियों से बड़े थे। कलियाँ नुकीले आकार की तथा हरे पत्तों से ढकी थी। फूल बड़े आकार का तथा फैला हुआ था।

**प्रश्न 3.** किसी पौधे की कली एवं उसके फूल का चित्र अपनी कॉपी में बनाओ।

**उत्तर:**



**प्रश्न 4.** क्या तुम बता सकते हो कि एक कली कितने दिनों में खिलकर फूल बनती होगी?

**उत्तर:** चार या पाँच दिनों में।

**चलो जानने की कोशिश करें।**

**प्रश्न 5.** किसी एक पौधे पर लगी कली चुनो और उसे रोज देखो। उस पौधे का नाम भी लिखो।

**उत्तर:** गुलाब का पौधा।

**प्रश्न 6.** जब तुमने कली देखी, तो तारीख ............... थी और वह कली जब फूल बनी तो तारीख थी ...............। कली को फूल बनने में कितने दिन लगे?

**उत्तर:** जब मैंने कली देखी थी तो वह तारीख 1 फरवरी थी और वह कली जब फूल बनी तो तारीख थी 5 फरवरी। कली को फूल बनने में 4 दिन लगे।

**प्रश्न 7.** अपने दोस्तों से पूछो, उन्होंने कौन-कौन से फूल देखे? उनकी कलियों को फूल बनने में कितना समय लगा?

**उत्तर:** उन लोगों ने उड़हुल तथा गेंदा के फूल देखे। उनकी कलियों को फूल बनने में 4 से 5 दिन का समय लगा।

**प्रश्न 8.** तुम यह भी देख सकते हो कि वह फूल कितने दिनों में मुरझाया?

**उत्तर:** फूल को मुरझाने में लगभग 15 से 20 दिन लगे।

**एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यपुस्तक (पृष्ठ संख्या 90)**

**इतने सारे इस्तेमाल**

**खाए भी जाते हैं फूल**

**प्रश्न 1.** तुमने फूलों का कहाँ-कहाँ इस्तेमाल देखा है?

**उत्तर:** मैंने फूलों का इस्तेमाल माला बनाने, गुलदस्ता बनाने तथा भगवान को चढ़ाने में देखा है।

**प्रश्न 2.** क्या तुम जानते हो फूल खाए भी जाते हैं? बहुत से फूलों की सब्जी बनती है।

**उत्तर:** हाँ, मै जानता हूँ कि कुछ फूल खाए भी जाते हैं तथा कुछ फूलों की सब्जी भी बनती है।

**प्रश्न 3.** क्या तुम्हारे घर में भी किसी फूल की सूखी सब्जी, सालन (तरीदार) सब्जी या चटनी बनाई जाती है?

**उत्तर:** हाँ। मेरे घर में फूलों की सब्जी बनाई जाती है।

**प्रश्न 4.** पता करो, कौन-से फूल की?
**उत्तर:** कचनार, केले के फूल, सहजन के फूल आदि।

**दवाई में भी!**

**प्रश्न 1.** किन्हीं दो फूलों के नाम पता करो, जो दवाइयों में इस्तेमाल होते हैं?

**उत्तर:** गुलाब, उड़हुल ।।

**प्रश्न 2.** तुम्हारे यहाँ गुलाब जल कहाँ-कहाँ इस्तेमाल होता है? दवाई में, मिठाइयों में, लस्सी में या कहीं और? पता करो और कक्षा में एक-दूसरे को बताओ।

**उत्तर:** मेरे यहाँ दवाई में, मिठाईयों में, लस्सी में और कुछ पकवानों को सुंगंधित बनाने के लिए गुलाब जल का इस्तेमाल होता है।

**एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यपुस्तक (पृष्ठ संख्या 91)**

**खुशबू और रंग।**

**प्रश्न 1.** तुम ऐसे और फूलों के नाम पता करो, जिनसे रंग बनता है।

**उत्तर:** हरसिंगार तथा चाइना रोज से रंग बनाये जाते है।

**प्रश्न 2.** क्या तुम ऐसा कोई रंग सोच सकते हो, जिस रंग का कोई फूल ही न होता हो?

**उत्तर:** नहीं। मैं ऐसा कोई रंग नहीं सोच सकता हूँ जिस रंग का कोई फूल नहीं होता हो।

**प्रश्न 3.** ऐसे कुछ फूलों के नाम लिखो, जिनसे तुम्हें लगता है इत्र बनाया जाता होगा।

**उत्तर:** गुलाब, बेला, जसमिन आदि फूलों से इत्र बनाया जाता है।

**एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यपुस्तक (पृष्ठ संख्या 92)**

**और कहाँ-कहाँ इस्तेमाल**

**प्रश्न 1.** क्या तुमने कभी फूलों पर कोई गीत पढ़ा या सुना है?

**उत्तर:** हाँ, मैने फूलों पर कई गीत पढ़ा एवं सुना है।

**प्रश्न 2.** इस गीत को गाओ।

"अच्छी मालन, मेरे बन्ने का बना ला सेहरा,
बागे जन्नत गई मालन मेरी फूलों के लिए,
फूल न मिलें तो कलियों का बना ला सेहरा ।"

**उत्तर:** स्वयं करो।

**बताओ**

**प्रश्न 1.** क्या तुम बता सकते हो कि ऊपर दिया गया गीत कब गाया जाता होगा?

**उत्तर:** इस तरह के गीत शादी के अवसर पर गाये जाते हैं।

**प्रश्न 2.** क्या तुम्हें या घर में किसी और को ऐसे गीत आते हैं?

**उत्तर:** मेरे घर में मेरी बहन, माँ एवं दादी को ऐसे गीत आते हैं। मुझे भी ऐसे गीत आते है।

**प्रश्न 3.** फूलों के बारे में गीत, कविता आदि इकट्ठी करो। उनको कागज पर लिखकर कक्षा में लगाओ।

**उत्तर:** स्वयं करो।

**प्रश्न 4.** कुछ अवसरों पर क्या तुम्हारे घर के बड़े कोई खास फूल इस्तेमाल करते हैं? पता करो और तालिका में लिखो।

| अवसर | खास फूल का नाम |
|---|---|
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |

**उत्तर:**

| अवसर | खास फूल का नाम |
|---|---|
| फ्रेंडशिप डे | लाल गुलाब |

| | |
|---|---|
| जन्मदिन | लाल गुलाब |
| शादी की वर्षगांठ | फूलों का गुलदस्ता |
| वैलेंटाइन डे | लाल गुलाब |
| धार्मिक कार्य | गेंदे का फूल |

## एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यपुस्तक (पृष्ठ संख्या 93)

### कुछ और जानें

**प्रश्न 1.** क्या तुमने कहीं पर किसी को फूल बेचते देखा है?

**उत्तर:** हाँ, मैंने लोगों को फूल बेचते देखा है।

**प्रश्न 2.** यदि तुम्हारे आस-पास कहीं कुछ लोग फूल बेचते हैं, तो उनसे ये सवाल पूछो और लिखो वे कौन-कौन से फूल बेचते हैं? उनमें से तीन फूलों के नाम पूछकर लिखो।

**उत्तर:** गुलाब, गेंदा, बेला।


**प्रश्न 3.** वे ये फूल कहाँ से लाते हैं?

**उत्तर:** वे ये फूल बगीचे तथा मंडी से लाते हैं।


**प्रश्न 4.** लोग किस-किस काम के लिए फूल खरीदते हैं?


**उत्तर:** लोग पूजा, सजावट तथा तोहफा देने के लिए फूल खरीदते हैं।

**प्रश्न 5.** वे फूल किस-किस तरह से बेचते हैं? नीचे उन पर निशान लगाओ।










**उत्तर:**



**प्रश्न 6.** और किस तरह से?

**उत्तर:** फूल वाले फूलों को गजरा बना कर भी बेचते हैं।

**प्रश्न 7.**  एक माला

**उत्तर:** 50 रुपये।

**एक लड़ी**

**उत्तर:** 20 रुपये।

**एक फूल**

**उत्तर:** 5 रुपये।

**प्रश्न 8.** क्या इन फूल बेचने वालों ने गुलदस्ता या फूलों की चादर बनाना किसी से सीखा है? किससे?

**उत्तर:** हाँ, उन्होंने इसे अपने घर के बुजुर्गों से सीखा है।

**प्रश्न 9.** क्या वे चाहेंगे कि उनके परिवार के और लोग यह काम करें? क्यों?

**उत्तर:** हाँ, ज्यादातर फूल बेचने वाले चाहते हैं कि उनके परिवार के और लोग भी यह काम करें। क्योंकि इसमें काफी फायदा है और वे इसके बारे में बेहतर जान सकते हैं।